आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 28.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में तेल, गैस आपूर्ति और ईंधन सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने को कहा।
- प्रधानमंत्री आज जेवर में **नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे** के पहले चरण का उद्घाटन कर जनसभा को संबोधित करेंगे।
- रेल मंत्रालय ने जोधपुर में मेगा रेलवे हब को मंजूरी दी–करीब 397 करोड रूपये की लागत से भगत की कोठी को हाईटेक टर्मिनल बनाया जायेगा।
- अर्थ ऑवर डे आज–दुनियाभर में एक घंटा गैर जरूरी लाईट्स बंद कर ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया जायेगा।

00000

पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल शाम राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। वीडियो कॉन्फ्रेंन्सिंग के जरिये हुई इस बैठक में पीएम मोदी ने मुख्यमंत्रियों से तेल, गैस आपूर्ति और ईंधन सुरक्षा को लेकर बातचीत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्रियों से कहा कि सभी को टीम इंडिया के रूप में मिलकर काम करते हुए इस स्थिति का सामना करना होगा। प्रधानमंत्री ने सभी मुख्यमंत्रियों को गलत सूचनाओं और अफवाहों को रोकने और सही तथा सटीक जानकारी के प्रसार करने पर जोर दिया। उन्होंने उर्वरक के भण्डारण और वितरण की निगरानी तथा कृषि क्षेत्र में पूर्व नियोजन की जरूरत पर बल दिया।

0000

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पश्चिम एशिया तनाव के कारण हो रही वैश्विक उथल पुथल के बावजूद भारत में दैनिक जीवन पर कोई असर नहीं पडा है। श्री शाह कल नई दिल्ली में एक मीडिया समूह की समिट में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश ने इस संकट का प्रभावी तरीके से सामना किया है। गृह मंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में पेट्रोलियम भण्डार को मजबूत और सुरक्षित करने के सरकार के प्रयासों ने आपूर्ति में स्थिरता सुनिश्चित की है।

------

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने इस बीच कहा कि भारत के पास वर्तमान में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है।
यह अगले दो महीनों के लिए आपूर्ति सुनिश्चित करेगा और एलपीजी तथा पीएनजी की उपलब्धता संतोषजनक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सभी रिफाइनरी पूरी या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं।

-----

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि पिछले 24 घंटों में खाड़ी क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से 25 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश लाया गया है।

-----

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में **नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे** के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी हवाई अड्डा परिसर का निरीक्षण करेंगे। बाद में प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित भी करेंगे। एशिया के सबसे बडे विमानन केन्द्रों में से एक जेवर एयरपोर्ट देश के सबसे आधुनिक और भव्य हवाई अड्डों में शामिल होने जा रहा है। इसमें डिजिटल सेवाओं, स्मार्ट चेकिंग सिस्टम और आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था के साथ–साथ यात्री सुविधाओं पर भी खास ध्यान दिया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का संचालन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इससे कनेक्टिविटी में सुधार होने, निवेश बढने तथा आर्थिक और औद्योगिक विकास में तेजी आने की उम्मीद है।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से **मन की बात** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कडी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

0000

रेल मंत्रालय ने जोधपुर में मेगा रेलवे हब को मंजूरी दी है। इसके तहत उत्तर पश्चिमी रेलवे के भगत की कोठी को विकसित करने की महत्वाकांक्षी परियोजना स्वीकृत की गई है। **इस पर करीब 397 करोड रूपये खर्च किये जायेंगे।** हमारे जोधपुर संवाददाता ने बताया कि भगत की कोठी स्टेशन को हाईटेक टर्मिनल बनाया जायेगा, जिससे जोधपुर की रेल संचालन क्षमता में काफी बढोतरी होगी।

-----

0000

केन्द्र सरकार के ज्ञान भारतम मिशन के तहत प्रदेश में पांडुलिपि मेगा सर्वे आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य राज्य की समृद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करना है। साथ ही राज्य में मौजूद बहुमूल्य हस्तलिखित ग्रंथों और पांडुलिपियों की खोज कर उनकी सूची तैयार करना और उन्हें संरक्षित करना है। इसके लिए निजी संग्रहकर्ताओं, धार्मिक संस्थाओं, ट्रस्ट पुस्तकालय और राजकीय संस्थानों से सहयोग लिया जा रहा है, जिससे आने वाली पीढी के लिए इस ज्ञान संपदा को सुरक्षित रखा जा सके।

0000

राज्य में प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत 11 लाख 52 हजार गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित कर उनके बैंक खातों में 553 करोड़ रूपये की राशि हस्तान्तरित की गई है। राजस्थान इस योजना के क्रियान्वयन में जनवरी महीने में देश में पहले स्थान पर और फरवरी महीने में दूसरे स्थान पर रहा है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना में 26 मार्च तक 5 लाख से अधिक लाभार्थियों को 172 करोड़ रूपये से ज्यादा की राशि का भुगतान किया जा चुका है। वहीं लाडो प्रोत्साहन योजना में 6 लाख 53 हजार बालिकाओं को पहली किस्त दी जा चुकी है।

0000

आज अर्थ ऑवर डे है। ये एक वैश्विक आंदोलन है जिसमें पूरी दुनिया में एक घंटा गैर जरूरी लाईटे बंद कर ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया जाता है। इसका मकसद लोगों को बिजली के महत्व और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरुक करना है। इस साल अर्थ ऑवर डे की 20वीं वर्षगांठ मनायी जा रही है और स्थानीय समय के अनुसार रात साढे आठ बजे से साढे 9 बजे तक ऊर्जा खपत को कम करने के लिए गैर जरूरी लाइटें बंद रखी जायेगी। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने ऊर्जा संरक्षण की पहल करते हुए आमजन से अर्थ ऑवर डे में सहभागिता निभाने की अपील की है।

0000

प्रदेश में मार्च महीने का समापन और अप्रैल की शुरूआत आंधी बारिश की गतिविधियों से होने के आसार है। मौसम विभाग के अनुसार आज से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इससे राज्य के कई हिस्सों में आंधी बारिश का दौर देखने को मिल सकता है।

0000